Order of 1986 will be invoked only in well defined emergency situation. Domestic futures trading would be resumed in respect of ginned and baled cotton.

डेयरी उद्योग की स्थापना हेतु प्रोत्साहन

2124. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार डेयरी उद्योग की स्थापना हेतु कोई प्रोत्साहन देती है,

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान दिए गए प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या हैं,

(ग) क्या त्रिपुरा सहित पिछड़े क्षेत्रों में डेयरी उद्योग की स्थापना हेतु आवेदकों को प्रोत्साहित करने संबधी कोई सरकार के विचाराधीन है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है?

पशुपालन और डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (श्री रघुवंश प्रसाद सिंह) : (क) और (ख) सरकार गैर-आपरेशन फ्लड,पर्वतीय तथा पिछडे क्षेत्रों में केन्द्रीय क्षेत्र को योजना स्कीम की एकीकृत डेयरी विकास परियोजना के तहत सहकारी समितियों को डेयरी विकास के लिए सहायता प्रदान करती है। विभिन्न राज्यों को 1993-94, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान जारी की गई राशि के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। नीचे देखिए

(ग) और (घ) कोई प्रस्ताव लम्बित नहीं है । जहां तक त्रिपुरा का सवाल है, 1993-94 तथा 1994-95 में राज्य के लिए 625 लाख रूपये के कुल निवेश के साथ दो परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई थी जिसमें भी जिलें शामिल है ।

विवरण

गैर-ऑपरेशन फ्लड, पर्वतीय तथा पिछडे क्षत्रों में एकीकृत डेयरी विकास परियोजना नामक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के अतंर्गत 1993-9, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान विभिन्न राज्यों को जारी की गई धनराशि का विवरण ।

(लाख रूपये में)

क्रं स	राज्य	अनुमोदन वर्ष	1993-94 में जारी की गई राशि	1994-95 में जारी की गई राशि	1995-96 जारी की गई राशि
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1995-96	0.00	0.00	91.00
2.	आंध्र प्रदेश	1995-96	0.00	0.00	250.00
3.	अरूणाचल प्रदेश	1993-94	100.00	150.00	0.00
4.	असम	1994-95	0.00	400.00	0.00
5.	बिहार-1	1994-95	0.00	75.00	0.00
	बिहार-2	1995-96	0.00	0.00	150.00
6.	गुजरात	1993-94	150.00	0.00	150.00
7.	हरियाणा	1995-96	0.00	0.00	15.00
8.	जम्मू व कश्मीर-जम्मू	1995-96	0.00	290.00	75.00
9.	मध्य प्रदेश-1,2 व 3	1993-94	225.00	0.00	150.00
	मध्य प्रदेश-4	1995-96	0.00		163.00
10.	महराष्ट्र	1995-96	0.00	0.00	200.00
11.	मणिपुर	1993-94	25.00	100.00	0.00
12.	मेघालय	1994-95	0.00	75.00	0.00

(लाख रूपये में)

क्रं सं.	राज्य	अनुमोदन वर्ष	199394में जारी की गई राशि	1994-95 में जारी की गई राशि	1995-96 में जारी की गई राशि
13.	मिजोरम-1	1993-94	100.00	146.00	0.00
	मजोरम-2	1995-96	0.00	0.00	75.00
14.	नागालैंण्ड	1993-94	100.00	150.00	0.00
15.	उड़ीसा-1	1993-94	50.00	142.00	300.00
	उड़ीसा-2	1994-95	00.00	150.00	100.00
16.	सिक्किम-1 एंव 2	1993-94	125.00	200.00	0.00
17.	तमिलनाडु	1995-96	0.00	0.00	150.00
18.	त्रिपुरा-1	1993-94	25.00	100.00	100.00
	त्रिपुरा-2	1994-95	0.00	113.00	0.00
19.	उत्तर प्रदेश 1,2 व 3	1993-94	190.00	200.00	310.00
20.	पश्चिम बंगाल	1994-95	0.00	200.00	150.00
	कुलः		1090-00	2491.00	2504.00

मध्य प्रदेश में स्थित उर्वरक संयत्र

2125. **श्री अजीत जोगी :** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में आज तक स्थित उर्वरक संयत्रों का ब्यौरा क्या है और क्या ये संयत्र राज्य के स्वामित्व में है अथवा केन्द्र के स्वामित्व में ,

(ख) राज्य में मुख्यतः किन-किन उर्वरकों का आबंटन किया जा रहा है,

(ग) मध्य प्रदेश में केन्द्रीय सहायता से स्थापित किए जाने वाले नए उर्वरक संयत्रों का ब्यौरा क्या है, और

(घ) कोयले पर आधारित उर्वरक तैयार करने के लिए "कोरबा"संयत्र को चालू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला) : (क) तथा (ख) वांछित सूचना निम्न तालिका में दी गई है,

क्रं सं.	कंपनी /संयत्र का नाम	उत्पाद	स्थापति क्षमता (100 मी.टन)	स्वामित्व
1.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लि. विजयपुर (एनएफएल), पूना	यूरिया	728.0	केंद्र सरकार
2.	मील अथॉरिटी आफॅ इंडिया लि. भिलाई	ए/एस (उप-उत्पाद)	32.5	केंद्र सरकार
3.	भिलाई इंजीनियरिंग कार्पो. बिलासपुर	एसएसपी	66.0	निजी
4.	रास्तिक कैमिकल्स एण्ड फर्टि. इन्दौर	एसएसपी	33.0	निजी